(b) Year-wise value of non-moving (including insurance items), surplus, and high value inventory of ONGC during this period is as under :—

(Rs. in crores)

	1989-90	1990-91	1991-92
Non-moving	146.18	228.20	193.99
Surplus	8.76	6.43	2.75
High value	414.00	561.16	644.99
Total Inventory (cumulative)	1196.00	1334.00	1421.00

(c) and (d) The non-moving inventory include critical items for operational requirement, as well as insurance items and hence it is necessary to stock these because the consequential losses due to their non-availability at the time of requirement may be very high. In so far as surplus inventory is concerned, ONGC is making efforts to reduce this through constant monitoring.

Dispute between GAIL and SPIE CAPAG

3723. DR. NAUNIHAL SINGH : Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) what is the status of the dispute between Gas Authority of India Limited (GAIL) and Spie Capag, the French Leader of Consortium which laid the HBJ pipeline;

(b! what steps have been taken by Government to resolve the dispute;

(c) whether there have been claims and counter-claims of damages by both the parties against each other; and

(d) whether the dispute figured during visit of the Prime Minister to France in September, 1992 and if so, whether he made any contribution towards finding solution to the dispute ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA) : (a) *to* (d) A Committee consisting of two representatives of French Government and three representatives of the Indian Government hrfs been set up to review the matters in dispute between M/s. Spie Capag and GAIL, and to advise both the Governments on the possible approaches to an amicable settlement.

गुजरात में रसोई गैस की मांग और आपूर्ति

3724. श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी : क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में रसोई गैस की आपूर्ति सुचारू करने के क्या प्रयास किए गये हैं ;

(ख) रसोई गैस की आपूर्ति के लिए की गई व्यवस्था का ब्यौरा क्या है, और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान गुजरात में रसोई गैस की मांग और वास्तविक आपूर्ति का ब्यौरा क्या है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) और (ख) गुजरात के एल० पी० जी० के वर्तमान उपभोक्ताओं की मांग मोटे तौर पर वितरण नेटवर्क के माध्यम से पूरी की जा रही है। होने वाले अस्थायी बकाये को बढ़ाये गये समय के दौरान अथवा रविवार/अवकाश के दिनों में भरण संयंत्रों के प्रचालन से अथवा निकटवर्ती अथवा साथ के राज्यों में स्थित अन्य भरण संयंत्रों से एल०पी० जी० की आपूर्ति में वृद्धि करके समाप्त किया जाता है।

(ग) गुजरात में पिछले तीन वर्षों के दौरान की गई पैक्ड एल०पी०जी० की आपूर्ति निम्नानुसार है :—

वर्ष	आंकड़े एम०टी० में
1989–90	168809
1990–91	175985
1991–92	205517

सरकार के विचाराधीन गुजरात की परियोजनाएं/योजनाएं

3725. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात की कितनी तेल परियोजनाएं/योजनाएं सरकार के विचाराधीन हैं ;

(ख) इन्हें स्वीकृति प्रदान करने में होने वाले विलम्बों के कारण क्या हैं; और

(ग) इन्हें कब तक स्वीकृति प्रदान किए जाने की संभावना है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) से (ग) गुजरात राज्य के संबंध में इंडियन आयल कारपोरेशन के दो परियोजना प्रस्ताव हैं, यथा—

(1) कांडला में एल० पी० जी० सुविधाओं की स्थापना, और

(2) कोयाली रिफाइनरी की क्षमता को बढ़ाकर 3 एम० एम० टी० पी० ए० करना ।

ये प्रस्ताव पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संसाधन के विभिन्न चरणों में हैं ।

पैट्रोलियम पदार्थों का उत्पादन और खपत

3726. **श्री शिवचरण माथुर :** क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में पैट्रोलियम पदार्थों का कितना उत्पादन हुआ और पिछले तीन वर्षों के दौरान उनकी कितनी खपत हुई ;

(ख) इन पदार्थों की खपत का राज्य-वार ब्यौरा क्या है तथा इनकी खपत में वर्ष-वार कितनी-कितनी वृद्धि हुई ;

(ग) राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में इनके बिक्री मूल्यों में भारी अंतर के कारण क्या हैं; और

(घ) क्या सरकार देश भर में इन उत्पादों की बिक्री समान दर पर करने की व्यवस्था करने का विचार रखती है और यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) गत तीन वर्षों के दौरान पैट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन एवं खपत निम्नवत् है:—

(संख्याएं हजार मी० टनों में)

	उत्पादन	(एल पी एल) को अलग करके खपत
1989–90	49459	54095
1990–91	49491	55035
1991–92	49584	56830

(ख) सूचना संलग्न विवरण में दी गई है । (नीचे देखिए ।)

(ग) और (घ) : पैट्रोलियम उत्पादों की भंडारों पर कीमतें पूरे देश में समरूप हैं । तथापि, स्थानीय करों/शुल्कों की अदायगी और खुदरा बिक्री केन्द्रों तक परिवहन अदायगियों के ऊपर निर्भर करते हुए इन उत्पादों की खुदरा बिक्री कीमतें स्थान दर स्थान भिन्न होती हैं और देश भर में इसकी समरूपता व्यवहार्य नहीं है ।